आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार                                                                                    दिनांक 10.05.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लेंगे–छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर होंगे स्मरणोत्सव।**
- **प्रदेश में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल से होगी शुरू।**
- **आज मदर्स डे पर रायपुर केन्द्रीय जेल प्रशासन ने महिला बंदियों के लिए वीडियो कॉलिंग की सुविधा शुरू की।**
- **मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने, अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की दी चेतावनी।**

**प्रधानमंत्री–सोमनाथ अमृत महोत्सव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लेंगे। मंदिर में नौ मई से ही तीन दिवसीय होमात्मक महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग सवा लाख आहुतियां अर्पित की जा रही हैं। यह महायज्ञ वर्तमान वैष्विक परिस्थितियों में शांति और मानव कल्याण के लिए आयोजित किया जा रहा है। अमृतपर्व का मुख्य आकर्षण कल ग्यारह मई को होगा, जब मंदिर के षिखर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा ग्यारह पवित्र तीर्थों के जल से कुंभाभिषेक किया जाएगा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे देष में स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कल ग्यारह मई को बालोद जिले के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के कपिलेष्वर षिव मंदिर में भी स्मरणोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दिव्या उमेष मिश्रा ने बताया कि कपिलेष्वर षिव मंदिर में आयोजित होने वाले इस विषेष आयोजन में श्रद्धा, संस्कृति और भारतीय विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। वहीं, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" पर बलरामपुर जिले के ऐतिहासिक स्थल डीपाडीह सामंत सरना में भी कल स्मरणोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नई पीढ़ी में सांस्कृतिक जागरूकता और स्वाभिमान की भावना को सशक्त करेगा।

**केन्द्रीय गृहमंत्री–बैठक**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संभावित बाढ़ और लू की स्थिति से निपटने के लिए देश की तैयारियों की समीक्षा बैठक की है। नई दिल्ली में आज एक उच्च स्तरीय बैठक में श्री शाह ने सरकारी एजेंसियों की तैयारियों का आकलन किया, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, संसाधनों की तैनाती और अंतर–एजेंसी समन्वय की समीक्षा की। गृह मंत्री ने देश में किए जा रहे दीर्घकालिक बाढ़ निवारण उपायों की प्रगति की भी समीक्षा की, जिनमें महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं का संरक्षण, नदी प्रबंधन पहल और पूर्वानुमान में वैज्ञानिक प्रगति शामिल हैं। बैठक में जन जागरूकता, जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए निर्माण कार्यक्रमों और आवश्यक राहत सामग्री और चिकित्सा तैयारियों के पर्याप्त भंडार को सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई।

**निकाय/पंचायत–चुनाव**

प्रदेष में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम तथा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल ग्यारह मई से शुरू होगी, जो अट्ठारह मई तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच उन्नीस मई को की जाएगी। उम्मीदवार इक्कीस मई तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान एक ही चरण में एक जून को होगा, जबकि परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे। गौरतलब है कि नगरीय निकायों में अध्यक्ष के पांच और पार्षद के सतहत्तर सहित कुल बयासी पदों पर चुनाव होगा। वहीं, त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के दस, सरपंच के बयासी और पंच के एक हजार एक सौ छत्तीस सहित कुल एक हजार दो सौ अट्ठाईस रिक्त पदों के लिए चुनाव होगा।

## महिला बंदी–सुविधा

आज मदर्स डे पर रायपुर केन्द्रीय जेल प्रशासन ने महिला बंदियों के लिए वीडियो कॉलिंग की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा से अब महिला बंदी अपने परिजनों और अधिवक्ताओं से सीधे वीडियो कॉल के जरिए संवाद कर सकेंगी। वीडियो कॉलिंग सुविधा के लिए जेल विभाग और बीएसएनएल के बीच अनुबंध हुआ है। वहीं, आज जेल परिसर में हुए निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास का प्रशिक्षण पूरा करने वाली अड़तीस महिला बंदियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। साथ ही जेल में अपनी माताओं के साथ रह रहे चौदह बच्चों को विभाग की ओर से विशेष उपहार वितरित किए गए। महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेश की समस्त माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार – दो हजार पच्चीस के विजेताओं की घोषणा कर दी है। देषभर से चुनी गई बयालीस पंचायतों को ये पुरस्कार दिए जाएंगे। पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह तीन जून को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार छत्तीसगढ़ के जषपुर जिले की बगीचा तहसील के अंतर्गत सरहीड ग्राम पंचायत को "स्वच्छ और हरित पंचायत" की श्रेणी में देषभर में तीसरा स्थान मिला है। मंत्रालय ने बताया कि विजेता पंचायतों को श्रेणी और स्तर के आधार पर पचास लाख रुपये से लेकर पांच करोड़ रुपये तक का वित्तीय प्रोत्साहन प्राप्त होगा। ये पुरस्कार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की पंचायत प्रोत्साहन योजना के तहत दिए जा रहे हैं।

## ग्रीष्मकालीन शिविर

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय गर्मी की छुट्टियों में, देश के सभी स्कूलों में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। एक सप्ताह का यह शिविर भारतीय भाषाओं में बुनियादी संवाद कौशल सीखने, शब्दों को जानने, अपना परिचय देने, वास्तविक जीवन की बातचीत और संस्कृति की सराहना पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप समावेशी और समान शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

## एसीबी–गिरफ्तार

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी बिलासपुर की टीम ने सक्ती जिले के चंद्रपुर थाना में पदस्थ एएसआई एस.एन. मिश्रा को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगहाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि एएसआई ने बालपुर निवासी एक व्यक्ति से कड़ी कार्रवाई से बचाने के लिए चालीस हजार रूपए की रिश्वत की मांग की थी। वहीं, कोरबा जिले में एसईसीएल कुसमुंडा के सी.एम.पी.एफ. विभाग में पदस्थ लिपिक मनोहर लाल कौशिक को केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई के दल ने रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि लिपिक ने एक खदान कर्मी से उसके पीएफ के पांच लाख रुपये निकालने के बदले दस हजार रुपये की रिश्वत मांग की थी।

## बकरी ब्रीडिंग और रिसर्च केंद्र

धमतरी जिले का भटगांव जल्द ही राज्य का पहला अत्याधुनिक बकरी ब्रीडिंग और रिसर्च केंद्र बनने जा रहा है। कलेक्टर की पहल पर यहां "रिसर्च कम इंटीग्रेटेड प्रोडक्षन एडवांसमेंट ब्रीडिंग सेंटर" स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में कृत्रिम गर्भाधान, पैथोलॉजी जांच और त्वरित रोग निदान की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्नत नस्लों के संरक्षण और प्रजनन पर भी काम किया जाएगा। किसानों और युवाओं के लिए प्रषिक्षण की व्यवस्था होगी। प्रथम चरण में दस से बारह स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। पशु सखियों को तकनीकी प्रषिक्षण देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर भी विषेष जोर दिया जाएगा।

## आईपीएल–मैच

नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैच खेला जाएगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। आईपीएल मैच को लेकर प्रषासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं, तेरह मई को रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला होगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल ग्यारह मई को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा मन्नार की खाड़ी और उससे लगे श्रीलंका के ऊपर विस्तारित है। इसके अलावा एक निम्नदाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर अगले अड़तालीस घंटे में बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इस बीच, राजनांदगांव जिले के सोनमी क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत हो गई है। वहीं, एक अन्य युवक झुलस गया है।

## संक्षिप्त समाचार

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने रायपुर मंडल के बिलासपुर–रायपुर रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेल संरक्षा, परिचालन, कार्य प्रणाली, स्टेशन रि–डेवलपमेंट, अमृत भारत स्टेशन परियोजना और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की।

– रायपुर पुलिस ने एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर साढ़े चौदह लाख रूपए की ठगी के आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार किया है।

– रायगढ़ जिले में अलग–अलग हुए दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इसी जिले के पचधारी पिकनिक स्पॉट में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>